महिला 20 शिखर सम्मेलन 2023

हाल ही में [भारत ने G20 की अध्यक्षता] के एक भाग के रूप में तमिलनाडु के महाबलीपुरम में **महिला 20 (W20) शिखर सम्मेलन** का आयोजन किया जिसकी थीम **'महिला-नेतृत्व विकास- परिवर्तन, उन्नति करना और आगे बढ़ना'** था।

- इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य **महिला सशक्तीकरण का जश्न** मनाना तथा आर्थिक सशक्तीकरण, व्यापार एवं निवेश और अर्थव्यवस्था की देखभाल से संबंधित प्रमुख मुद्दों को संबोधित करना है।

W20 शिखर सम्मेलन की मुख्य विशेषताएँ:

- महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों और नेतृत्व की भूमिकाओं तक पहुँचने से रोकने वाली **अदृश्य बाधाओं एवं पूर्वाग्रहों को तोड़ने पर चर्चा** की गई।
- [स्वयं सहायता समूह (SHG)], [पीएम मुद्रा योजना] और [GeM पोर्टल] जैसी सरकारी पहलों पर प्रकाश डाला गया है जो **महिलाओं को बाज़ार और वित्त तक पहुँच प्रदान** करते हैं।
- आर्थिक भागीदारी में **लैंगिक असमानताओं** को उजागर किया जाता है क्योंकि वित्तीय संसाधनों, बाज़ारों और व्यापार नेटवर्क सहित आर्थिक अवसरों तक पहुँचने में महिलाओं को अक्सर असमानताओं का सामना करना पड़ता है।
- प्रतिभागियों ने प्रणालीगत बाधाओं पर चर्चा की, जैसे कि **क्रेडिट तक पहुँच की कमी, सीमित संपत्ति अधिकार और भेदभावपूर्ण प्रथाएँ, जो महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण** में बाधा डालती हैं।
- यह शिखर सम्मेलन महिला सशक्तीकरण हेतु उन्नयन, लचीलापन और प्रगति के जश्न के रूप में मनाया गया।

W20:

- **परिचय:**
    - W20 (महिला 20) **G20** के तहत एक आधिकारिक जुड़ाव समूह है।
    - इसकी स्थापना वर्ष 2015 में **लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से की गई थी।**
        - पहला W20 शिखर सम्मेलन वर्ष 2015 में **तुर्किये की G20 अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।**
    - यह **समूह G20 की चर्चाओं में लैंगिक विचारों को मुख्यधारा में शामिल** करने के साथ उन्हें नीतियों और प्रतिबद्धताओं में परिवर्तित करने का प्रयास करता है।
        - यह G20 एजेंडे को प्रभावित करता है और विभिन्न वैश्विक चुनौतियों हेतु लैंगिक-संवेदनशील दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।
- **प्राथमिकताएँ:**
    - महिला उद्यमिता
    - धरातलीय स्तर पर महिला नेतृत्व
    - जेंडर डिजिटल डिवाइड को समाप्त करना
    - शिक्षा और कौशल विकास
    - जलवायु परिवर्तन
- **संरचना:**
    - W20 में **प्रतिनिधियों का एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क शामिल है।**
    - ये प्रतिनिधि गैर-सरकारी महिला संगठनों, नागरिक समाज, महिला उद्यमियों, व्यवसायों और थिंक टैंक का प्रतिनिधित्व करते हैं।
    - यह नेटवर्क G20 सदस्य देशों तक फैला हुआ है।
- **W20 और भारत की अध्यक्षता:**
    - W20 भारत ने 12 दिसंबर, 2022 को W20 इंडोनेशिया से इसकी अध्यक्षता ग्रहण की।

[स्रोत: पी.आई.बी.]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/women-20-summit-2023